सकेंगे। छूट सहित परीक्षा शुल्क भुगतान करने की स्थिति में शुद्धिकरण का दावा परीक्षा शुल्क भुगतान की राशि तक सीमित होगा।

16. परीक्षा शुल्क भुगतान करने की प्रक्रियाः–

परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए Submit To Proceed Payment Click करें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें Term & Condition को टिक (√) कर Proceed बटन दबाकर आगे बढ़ें। इसके बाद Select Payment category के सामने **JPMCCE-2023** Select करें तथा अपना Registration Number डालकर अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।

17. परीक्षा का स्वरूप :–

आयोग द्वारा ओ॰एम॰आर॰/ कम्प्यूटर आधारित परीक्षा ली जायेगी तथा किसी विषय की परीक्षा यदि विभिन्न समूहों में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का Normalisation किया जायेगा। अभ्यर्थियों की मेधा सूची उनके प्राप्तांक के Normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा तथा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात् उन्हें Normalised अंक ही दिया जायेगा।

परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–

(क) परीक्षा एक चरण में ली जायेगी।

(ख) परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। लिखित परीक्षा में प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक प्रदान किए जायेंगे। परीक्षा में ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं होगा अर्थात् गलत उत्तर के लिए कोई अंक की कटौती नहीं की जाएगी।

18. लिखित परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम :–

मुख्य परीक्षा एक पत्र का होगा जिसका आयोजन एक पाली में किया जाएगा। परीक्षा की अवधि एक घंटे की होगी। लिखित परीक्षा अन्तर्गत पदों हेतु वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। लिखित परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे।

(क) **लिखित परीक्षा** – लिखित परीक्षा में विभिन्न पदों के अनुसार (फार्मेसी/एक्स–रे प्रावैधिकी/प्रयोगशाला प्रावैधिक/नर्सिंग से संबंधित प्रश्न) 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 01 (एक) अंक दिए जाएंगे।

विभिन्न पदों के लिए प्रश्न लिखित का विस्तृत पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–XIII** के रूप में संलग्न है।

(ख) **तकनीकी योग्यता (फार्मेसी/एक्स–रे प्रावैधिकी/प्रयोगशाला प्रावैधिक/ नर्सिंग से संबंधित परीक्षा में उत्तीर्णता/ प्रशिक्षण प्राप्ति के लिए) देय अंक**

क्र० स०	**तकनीकी योग्यता से सबंधित परीक्षा में उत्तीर्णता/ प्रशिक्षण की स्थिति**	**देय अंक**
01	**02**	**03**
1.	60 प्रतिशत एवं उससे ऊपर अथवा समकक्ष ग्रेड	10 अंक
2.	60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत तक अथवा समकक्ष ग्रेड	07 अंक
3.	45 प्रतिशत से कम अथवा समकक्ष ग्रेड	05 अंक

(ग) **शैक्षणिक योग्यता के आधार पर देय अंक**

(i) मैट्रिक

क्र० स०	**मैट्रिक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत**	**देय अंक**
01	**02**	**03**
1.	60 प्रतिशत एवं उससे ऊपर अथवा समकक्ष ग्रेड	20 अंक
2.	60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत तक अथवा समकक्ष ग्रेड	15 अंक
3.	45 प्रतिशत से कम अथवा समकक्ष ग्रेड	10 अंक

(ii) इन्टरमीडिएट (10+2)

क्र० स०	**इन्टरमीडिएट/(10+2) परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत**	**देय अंक**
01	**02**	**03**
1.	60 प्रतिशत एवं उससे ऊपर अथवा समकक्ष ग्रेड	20 अंक
2.	60 प्रतिशत से कम तथा 45 प्रतिशत तक अथवा समकक्ष ग्रेड	15 अंक
3.	45 प्रतिशत से कम अथवा समकक्ष ग्रेड	10 अंक

(घ) **झारखण्ड राज्य के सरकारी अस्पतालों में संविदा कार्य अनुभव के लिए देय अंक** – 50 अंक (अधिकतम) (पाँच अंक प्रति पूर्ण वर्ष की दर से देय होगा)

19. मुख्य परीक्षा के आधार पर मेधा सूची का निर्माण :